दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ रा | अंक-८५ वा | बुधवार १४ जनवरी २०२६ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४

# राज्य में १२ जिला परिषद और १२५ पंचायत समिति चुनावों का बिगुल

## ५ फरवरी को मतदान, ७ फरवरी को मतगणना; शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू

जमीर काज़ी

मुंबई : राज्य में २९ महानगरपालिका चुनावों का प्रचार थमने के बाद अब महाराष्ट्र की १२ जिला परिषदों और उनके अंतर्गत १२५ पंचायत समितियों के सार्वत्रिक चुनावों की घोषणा कर दी गई है। इन चुनावों के लिए ५ फरवरी २०२६ को मतदान और ७ फरवरी २०२६ को मतगणना होगी। उम्मीदवार शुक्रवार, १६ जनवरी से नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ५० प्रतिशत से कम आरक्षण वाली १२ जिला परिषदों की ७३१ सीटों और पंचायत समितियों की १,४६२ सीटों के लिए यह चुनाव कराए जा रहे हैं। संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह जानकारी मुंबई के सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित पत्रकार परिषद में दी गई।

इन जिलों में होंगे चुनाव

रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सातारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, धाराशिव और लातूर-इन १२ जिला परिषदों तथा इनके अंतर्गत १२५ पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। प्रत्येक मतदाता को जिला परिषद और पंचायत समिति के लिए अलग-अलग एक-एक मत देना होगा।

नामांकन प्रक्रिया ऑफलाइन

राज्य चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में नामांकन पत्र और शपथपत्र ऑफलाइन (पारंपरिक) पद्धति से ही स्वीकार किए जाएंगे। इससे पहले नगर परिषद, नगर पंचायत और महानगरपालिका चुनावों में भी ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाई गई थी।

आरक्षित सीटों के लिए जाति वैधता अनिवार्य




आरक्षित सीटों से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नामांकन के साथ जाति प्रमाणपत्र और जाति वैधता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। यदि वैधता प्रमाणपत्र उपलब्ध न हो, तो जाति वैधता के लिए आवेदन करने का प्रमाण देना अनिवार्य होगा।

चुनाव परिणाम घोषित होने के छह माह के भीतर जाति वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने पर संबंधित उम्मीदवार का निर्वाचन पूर्व प्रभाव से रद्द किया जाएगा।

मतदान केंद्र और ईवीएम

इन चुनावों के लिए लगभग २५,४८२ मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पर्याप्त संख्या में ईवीएम उपलब्ध कराई गई हैं-

५१,५३७ कंट्रोल यूनिट

१,१०,३२९ बैलेट यूनिट

मतदाता सूची और 'मताधिकार' ऐप

स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों में १ जुलाई २०२५ की विधानसभा मतदाता सूची का उपयोग किया जाएगा। संभावित दोहरे मतदाताओं के नाम के आगे (**) चिन्ह दर्शाया गया है।

मतदाता अपने नाम, मतदान केंद्र और उम्मीदवारों की जानकारी के लिए राज्य चुनाव आयोग का 'मताधिकार' मोबाइल ऐप (केवल गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध) डाउनलोड कर सकते हैं। एझखउ नंबर या पूरा नाम डालकर खोज की जा सकती है। इसके अलावा वेबसाइट mahasecvoterlist.in पर भी सुविधा उपलब्ध है।

प्रशासनिक तैयारियाँ

इन चुनावों के लिए लगभग १२५ निर्वाचन निर्णय अधिकारी, १२५ सहायक निर्णय अधिकारी तथा करीब १,२८,००० निर्वाचन कर्मियों की तैनाती की जाएगी। ३ फरवरी को चुनाव प्रचार समाप्त होगा, इसके बाद विज्ञापनों का प्रकाशन और प्रसारण भी बंद रहेगा।

चुनाव का संक्षिप्त विवरण

जिला परिषद

कुल जिला परिषद : १२

कुल सीटें : ७३१

महिलाओं के लिए : ३६९

अनुसूचित जाति : ८३

अनुसूचित जनजाति : २५

नागरिकों का पिछड़ा वर्ग : १९१

पंचायत समिति

कुल पंचायत समितियाँ : १२५

कुल सीटें : १,४६२

महिलाओं के लिए : ७३१

अनुसूचित जाति : १६६

अनुसूचित जनजाति : ३८

नागरिकों का ▸▸पान ४ पे

# बीड के आरटीओ कार्यालय के लिए १२ करोड़ रुपये का फंड मंजूर

## विधायक संदीप क्षीरसागर के सतत प्रयासों को मिली सफलता

बीड, १३ (प्रतिनिधि):

बीड स्थित उप-प्रादेशिक परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के भवन निर्माण के लिए १२ करोड़ रुपये की बड़ी राशि मंजूर की गई है। यह स्वीकृति संदीप क्षीरसागर के निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है।





पिछले कई वर्षों से बीड के आरटीओ कार्यालय के पास स्वयं की इमारत नहीं थी। कार्यालय शहर के विभिन्न हिस्सों में किराये की जगहों पर संचालित हो रहा था, जिससे नागरिकों, अधिकारियों और वाहन धारकों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यह मुद्दा लंबे समय से लंबित था।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए बीड विधानसभा क्षेत्र के ▸▸पान ४ पे

# पिछले आठ वर्षों में बीजेपी ने सांगली-मिरज-कुपवाड़ को कुछ नहीं दिया-जयंत पाटिल

सांगली:

सांगली-मिरज-कुपवाड़ नगर निगम चुनाव प्रचार के अंतिम दिन महाविकास आघाड़ी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभियान का समापन किया। इस अवसर पर नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांगली करूं चांगली का नारा दिया था, लेकिन स्थानीय बीजेपी नेतृत्व उस नारे को जमीन पर उतारने में पूरी तरह विफल रहा है।



जयंत पाटिल ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में बीजेपी सरकार ने सांगली, मिरज और कुपवाड़ को कुछ भी नहीं दिया। आज शहरभर में ऐसे पोस्टर लगे हैं जिन पर लिखा है- तुमने सांगली की हालत खराब की, अब सांगली वाले तुमसे हिसाब लेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने सांगली की जनता से केवल झूठे वादे किए और उन्हें धोखा दिया।

बीजेपी के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए पाटिल ने कहा कि उसमें सांगली को सेफ सिटी बनाने का दावा किया गया है, जबकि साल की शुरुआत के केवल १२-१३ दिनों में ही शहर में तीन हत्याएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में हत्या के मामलों की संख्या ६० से ६५ तक पहुंच चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि घोषणापत्र में हवाई अड्डे और लॉजिस्टिक हब जैसे वादे किए गए ▸▸पान ४ पे

# मुंबई में मतदान केंद्रों के बाहर ठाकरे बंधुओं के २ हजार 'भगवा गार्ड' तैनात

## दोहरे मतदाता और वोट चोरी पर कड़ी निगरानी

जमीर काज़ी

मुंबई, प्रतिनिधि :

मतदान के दिन सतर्क रहने और यदि कोई दोहरा मतदाता सामने आए तो उसे बेनकाब करने के निर्देश राज ठाकरे द्वारा दिए जाने के बाद, गुरुवार को होने वाले मतदान के दौरान मुंबई के सभी मतदान केंद्रों के बाहर शिवसेना और मनसे के करीब २ हजार कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। इन्हें 'भगवा गार्ड' कहा जा रहा है। मतदान केंद्रों पर होने वाली किसी भी गड़बड़ी पर इनकी कड़ी नजर रहेगी।

लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद विपक्ष ने वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग और भाजपा पर तीखा हमला बोला था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वोट चोरी के आरोपों को उठाया। इसी मुद्दे पर महाविकास आघाड़ी ने मुंबई में मोर्चा भी निकाला था। अब महानगरपालिका चुनाव में दोहरे मतदान को लेकर ठाकरे बंधुओं ने कड़ा रुख अपनाया है।

रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क में हुई सभा में राज ठाकरे ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि यदि कोई दोहरा मतदान करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद दोनों दलों ने 'भगवा गार्ड' गठित करने का निर्णय लिया।

प्रत्येक मतदान केंद्र और आसपास के क्षेत्रों में 'भगवा गार्ड' सक्रिय रहेंगे। चुनाव आयोग द्वारा जारी दोहरे मतदाताओं की नामसूची इन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। आदित्य ठाकरे की मौजूदगी में बोरीवली के देवीपाड़ा मैदान में 'भगवा गार्ड' का शुभारंभ किया गया। मनसे की ओर से इन गार्ड्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान केंद्र पर यदि ▸▸पान ४ पे

# मुहम्मद साद मिर्ज़ा बने हाफ़िज़-ए-क़ुरआन

बीड. रियाज़ खान द्वारा

जामिया सैक़ायतुद्दीन, मोमिनपुरा, बीड के छात्र मुहम्मद साद मिर्ज़ा, पुत्र अमजद मिर्ज़ा, ने कम उम्र में पवित्र क़ुरआन-ए-करीम को पूर्ण रूप से हिफ़्ज़ (कंठस्थ) करने का सौभाग्य प्राप्त किया।



मुहम्मद साद मिर्ज़ा ने हिफ़्ज़-ए-क़ुरआन की शुरुआत मदरसा मुबल्लिगुल इस्लाम, बीड से की, जहाँ उन्होंने निरंतर ११ महीनों में क़ुरआन पाक का एक बड़ा हिस्सा याद किया। इसके पश्चात उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से उन्होंने जामिया सैक़ायतुद्दीन, मोमिनपुरा, बीड में दाख़िला लिया। यहाँ उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उस्तादों की निगरानी में शेष ▸▸पान ४ पे

# जिलाधिकारी विवेक जॉनसन को 'लोक रत्न पुरस्कार' से सम्मानित

बीड (प्रतिनिधि):

बीड जिले के कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी विवेक जॉनसन को लोक रत्न पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बालशास्त्री जांभेकर के दर्पण दिन के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों का समावेश रहा।



इसी क्रम में लोकशाही पत्रकार संघ तथा सोमेश्वर महादेव हनुमान मंदिर फाउंडेशन की ओर से जिलाधिकारी विवेक जॉनसन को लोक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार लोकशाही पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सोमेश्वर हनुमान मंदिर फाउंडेशन के अध्यक्ष नवनाथ शिरोळे पाटील के हस्ते प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में लोकशाही पत्रकार संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र प्रदेश सह-सचिव सुनील दादा महा कुंडे, बीड जिला संघटक संजय देवा कुलकर्णी (कुक्कडगावकर) सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बीड जिले का कार्यभार संभालने के बाद से जिलाधिकारी विवेक जॉनसन ने शासन की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में विशेष तत्परता और सफलता दिखाई है। महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री एवं बीड जिले के पालकमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में ▸▸पान ४ पे

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# गेवराई की मिल्लत इंग्लिश स्कूल में 'फन फेयर' कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न



गेवराई (काज़ी अमान):

छात्रों में व्यावसायिक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से गेवराई शहर स्थित Millat English School, Gevrai में 'फन फेयर (ईमानदार व हलाल कमाई)' कार्यक्रम का हाल ही में आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मिल्लत इंग्लिश स्कूल, गेवराई के संस्थापक शेख समियुद्दीन सर के हाथों हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में मिल्लत ग्रुप ऑफ स्कूल, बीड के सचिव उमेर सलीम तथा मिल्लत उर्दू स्कूल, बीड के प्रधानाध्यापक ज़ाहिद सर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा ७वीं के सैयद अनीबुद्दीन बदीयुद्दीन और कक्षा ४वीं की नाएमा याकूब द्वारा कुरआन पाठ और नातिया कलाम से की गई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सैयद इरफान आज़म सर ने प्रमुख अतिथियों का स्वागत किया। अपने प्रस्ताविक भाषण में प्राचार्य इरफान सर ने दैनिक जीवन में हलाल व्यवसाय के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रमुख अतिथियों उमेर सलीम और ज़ाहिद सर ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

फन फेयर के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ तैयार कर कुल ५४ स्टॉल लगाए। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने इन व्यंजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य सैयद इरफान आज़म के मार्गदर्शन में सहशिक्षक सैयद मुजतबा नज्म, अब्दुल गफ्फार, अबरार पठान, रगिबुर्रहमान, शेख अनस, शेख मतीन, पठान नुसरत, मेराज, सालेहा, अशमीरा, उम्मेहानी, मारिया, अदीबा, आयशा, सबा, नाज़नीन बाजी सहित सभी छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत

# वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (कच्छ-सौराष्ट्र): ५.७८ लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए ५,४९२ MoUs पर हस्ताक्षर

अहमदाबाद, हबीब शेख कि रिपोर्ट

राजकोट, १२ जनवरी २०२६ – गुजरात सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (VGRC) - कच्छ और सौराष्ट्र का आज मारवाड़ी यूनिवर्सिटी, राजकोट में भव्य समापन हुआ। इस सम्मेलन में कुल ५.७८ लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए ५,४९२ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए। यह जानकारी गुजरात के कैबिनेट मंत्री जीतु भाई वाघाणी ने समापन सत्र में घोषित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ११ जनवरी २०२६ को इस सम्मेलन का उद्घाटन किया था। उन्होंने कच्छ और सौराष्ट्र को भारत की आर्थिक वृद्धि का एंकर रीजन (मुख्य आधार क्षेत्र) बताया और कहा कि यह क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त समय पर निवेश का केंद्र बनेगा।

प्रमुख घोषणाएं और हाइलाइट्स

फोकस क्षेत्र: नवीकरणीय ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी), पेट्रोकेमिकल, सीमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, पोर्ट्स और अन्य सेक्टर।

बड़े निवेशकों की घोषणाएं:

रिलायंस इंडस्ट्रीज (मुकेश अंबानी): अगले ५ वर्षों में गुजरात में निवेश दोगुना कर ७ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने की योजना।

अदाणी ग्रुप: कच्छ क्षेत्र में अगले ५ वर्षों में १.५ लाख करोड़ रुपये का निवेश।

इन चेणी से लाखों नए रोजगार सृजन की उम्मीद है, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था और चड्ढएी को मजबूती मिलेगी।

सम्मेलन में जापान, रवांडा, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन जैसे ४ पार्टनर देशों और १२ पार्टनर संगठनों ने भाग लिया।

प्रदर्शनी १५ जनवरी २०२६ तक जारी रहेगी, जिसमें ४५०+ प्रदर्शक शामिल हैं।

मंत्री जीतु भाई वाघाणी का बयान

२००३ में वाइब्रेंट गुजरात की शुरुआत में केवल ८० चेणी और ६६,००० करोड़ रुपये के निवेश से आज हम इस क्षेत्रीय सम्मेलन में ही ५.७८ लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। यह भारत की आर्थिक परिवर्तन की यात्रा का प्रतीक है। सौराष्ट्र और कच्छ २०४७ तक विकसित भारत के संकल्प में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

यह सम्मेलन गुजरात को विकसित भारत २०४७ के लक्ष्य की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहा है। राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियां, तेज मंजूरी प्रक्रिया और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर सराहनीय हैं।

# मुंबई की घड़ी को मज़बूत कीजिए

## पिता-पुत्री की एकाकी मगर निर्णायक लड़ाई; मुंबई में सेक्युलर राजनीति की असली परीक्षा

**विशेष रिपोर्ट**

**रिपोर्टर: भगवत तावरे (बीड)**

**मुंबई: पिछले आठ दिनों से मैं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मौजूद हूँ। अरब सागर के तट पर बसा यह शहर सिर्फ़ ऊँची इमारतों का नहीं, बल्कि इंसानों के सागर का नाम है। इसी मुंबई में आज एक ऐसी राजनीतिक लड़ाई लड़ी जा रही है जो केवल चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक भी है। बीड नगर परिषद चुनाव के दौरान मोमिनपुरा और इस्लामपुरा इलाक़ों में नवाब मलिक ने दो दिन रुककर मुस्लिम समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट किया। उनकी बेटी, विधायक सना मलिक ने सड़कों पर उतरकर अभियान की कमान संभाली। इसी एकजुटता के परिणामस्वरूप बीड में घड़ी चुनाव-चिह्न पर नगराध्यक्ष चुना गया। यह जीत सिर्फ़ एक सीट नहीं, बल्कि मुस्लिम एकता की ताक़त का प्रमाण थी।**





इसी सफलता की नैतिक ज़िम्मेदारी निभाने के लिए मैं, नबील अज़मान, बीड से मुंबई के कुर्ला, अणुशक्ति नगर और मानखुर्द क्षेत्रों में रहा। यहाँ आकर यह गहराई से महसूस हुआ कि नवाब मलिक केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि लोकतंत्र का एक मज़बूत स्तंभ हैं। उन्होंने सरकारी संसाधनों पर निर्भर रहने के बजाय निजी साधनों से जनहित के काम किए-हिंदू दलित समुदायों को सामाजिक हॉल उपलब्ध कराए और मुस्लिम समाज के बीस वर्षों से लंबित कब्रिस्तान के मुद्दे सुलझाए।

चुनावी प्रचार के दौरान नवाब भाई की गाड़ी में बैठकर मैंने उनकी जनप्रियता को क़रीब से देखा। हिंदू महिलाओं की आँखों में नवाब भाई के लिए जो विश्वास और सम्मान था, वह किसी भी राजनेता के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

वार्ड १४६ में युवा उम्मीदवार भाग्यश्री केदारे के समर्थन में प्रचार के दौरान नवाब भाई का एक वाक्य नई राजनीति का प्रतीक बन गया-

लोकसेवा के लिए मैंने अपनी बेटी सना को समाज के नाम समर्पित किया है; अब सना के साथ भाग्यश्री को भी चुनिए।

यह सिर्फ़ एक बयान नहीं था; इसमें गंगा-जमुनी तहज़ीब, लैंगिक समानता और भविष्य की राजनीति की झलक थी।

हालिया सभा में नवाब भाई ने वार्ड १४६ की भाग्यश्री, १४३ की रचना गवस, १४० की ज्योति ताई, १४७ की अंकिता और १४२ की डॉक्टर सैयदा बाजी चांदनी श्रीवास्तव को चुनने की अपील करते हुए बेटी राज का नारा दिया। उस क्षण वे महात्मा फुले की वैचारिक परंपरा के वारिस नज़र आए।



आज मुंबई में नवाब मलिक और सना मलिक एक कठिन और असमान मुकाबला लड़ रहे हैं। एक ओर धनबल, गुंडागर्दी और सत्ता का दुरुपयोग है, तो दूसरी ओर हैदराबाद की एक पार्टी मुंबई में आकर मुस्लिम वोटों का विभाजन कर सेक्युलर एकता को कमज़ोर कर रही है। कांग्रेस, वंचित, एमआईएम और समाजवादी दल भी परोक्ष रूप से इसी विभाजन को हवा दे रहे हैं।

इसके बावजूद सच्चाई यह है कि मुंबई में नवाब मलिक के अलावा कोई ऐसा मुस्लिम नेता नहीं है जिसे हिंदू मतदाताओं का भी व्यापक समर्थन प्राप्त हो। यदि भाजपा को रोकना है, तो नवाब मलिक और सना मलिक के अलावा कोई प्रभावी विकल्प नहीं दिखता।

विधायक सना मलिक रोज़ाना १८ घंटे चुनावी प्रचार में जुटी हैं। विधानसभा चुनाव में वे १७ राउंड तक पीछे रहीं, लेकिन वार्ड १४६, १४७ और १४८ के मतदाताओं ने बाज़ी पलट दी। गोवंडी में मेडिकल कॉलेज, अणुशक्ति नगर में विकास कार्य, महाराष्ट्र नगर का फ्लाईओवर और राशनिंग कार्यालय-ये सभी सना मलिक की विकासोन्मुख राजनीति के प्रमाण हैं।

आज ज़रूरत है कि मुंबई का सेक्युलर मतदाता अपना वोट विभाजित न करे। यदि आज इस नेतृत्व को कमज़ोर किया गया, तो आने वाले समय में लोकतांत्रिक आवाज़ों पर अंकुश लगेगा। मुंबई को बचाने, लोकतंत्र को मज़बूत करने और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सना मलिक को सशक्त करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। चीता कैंप के लिए सुनहरा अवसर

विधानसभा चुनाव में १७ राउंड तक सना मलिक पीछे थीं, मगर वार्ड १४६, १४७ और १४८ के मतदाताओं ने नतीजा बदल दिया। हालांकि चीता कैंप के मुस्लिम मतदाताओं की अप्रत्याशित ख़ामोशी आज भी एक सवाल है। नगर निगम चुनाव में चीता कैंप को चाहिए कि वह एकतरफ़ा तौर पर बेटी उम्मीदवार को वोट देकर महाराष्ट्र की राजनीति में सना मलिक के मज़बूत प्रवेश को सुनिश्चित करे।

**पान १ वरून**

**राज्य में १२ जिला परिषद और...**

पिछड़ा वर्ग : ३४२

महत्वपूर्ण तिथियाँ

चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना : १६ जनवरी

नामांकन दाखिल : १६ से २१ जनवरी

नामांकन की जांच : २२ जनवरी

नाम वापसी की अंतिम तिथि : २७ जनवरी

चुनाव चिह्न आवंटन व अंतिम सूची : २७ जनवरी

मतदान : ५ फरवरी

मतगणना : ७ फरवरी

अतिरिक्त जानकारी (पृष्ठभूमि):

ये चुनाव ग्रामीण स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं, क्योंकि जिला परिषद और पंचायत समितियाँ ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्णयों में अहम भूमिका निभाती हैं। आचार संहिता लागू होने के कारण अब सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।

--------

**मुंबई में मतदान केंद्रों के बाहर...**

कोई दोहरा या फर्जी मतदान करता हुआ पाया गया तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सुबह से ही शुरू रहेगा। दोनों दलों ने इसके लिए विशेष उड़न दस्ते भी बनाए हैं, यह जानकारी संजय राउत ने दी।

इस बीच, मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने इस पहल की आलोचना करते हुए इसे अराजकता फैलाने का प्रयास बताया है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे कुछ स्थानों पर चुनावी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

-------

**बीड के आरटीओ कार्यालय ...**

विधायक संदीप क्षीरसागर ने आरटीओ कार्यालय के लिए एक आधुनिक और सुसज्जित भवन उपलब्ध कराने हेतु शासन स्तर पर लगातार पाठपुरावा किया। इसके फलस्वरूप राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति के साथ १२ करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया है।

इस मंजूरी से बीड के आरटीओ कार्यालय को अब सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त एक आधुनिक भवन मिलेगा, जिससे नागरिकों और वाहन धारकों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस कार्य को स्वीकृति देने के लिए विधायक संदीप क्षीरसागर ने उपमुख्यमंत्री एवं बीड जिले के पालकमंत्री अजित पवार तथा महाराष्ट्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

------

**पिछले आठ वर्षों में बीजेपी ने...**

हैं, लेकिन क्या इन परियोजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध है? इसी तरह आईटी पार्क का वादा हर चुनाव में किया जाता है, पर यह स्पष्ट नहीं किया जाता कि महाराष्ट्र में आखिर कितने आईटी पार्क बनाए जाएंगे।

महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय, बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं और नालों के लिए स्वीकृत ५९१ करोड़ रुपये के फंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह राशि बाढ़ के पानी के डायवर्जन के लिए नहीं है, फिर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है? जयंत पाटिल ने आरोप लगाया कि बीजेपी के घोषणापत्र में शामिल अधिकांश काम कांग्रेस और एनसीपी के कार्यकाल में शुरू हुए थे, जबकि बीजेपी सरकार ने केवल उनके उद्घाटन का श्रेय लिया।

उन्होंने कहा कि यदि महाविकास आघाड़ी की सरकार बनती है तो शहर में बढ़ते नशे के प्रकोप पर सख्ती से काबू पाया जाएगा। बंद पड़े सभी सीसीटीवी कैमरों को फिर से चालू किया जाएगा और पूरे शहर को सीसीटीवी निगरानी में लाया जाएगा। साथ ही कचरा प्रबंधन और शहरी स्वच्छता के लिए ठोस व प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिन्हें जनआंदोलन के रूप में लागू किया जाएगा।

जयंत पाटिल ने कहा कि महाविकास आघाड़ी की यह लड़ाई केवल बीजेपी के खिलाफ नहीं, बल्कि सांगली शहर के समग्र विकास के लिए है। उन्होंने दावा किया कि आघाड़ी ने जमीनी स्तर पर काम किया है, इसलिए उन्हें विश्वास है कि गठबंधन के ४२ से ४३ उम्मीदवार विजयी होंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भले ही संरक्षक मंत्री ५५ उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हों, लेकिन हकीकत यह है कि बीजेपी के ३० से अधिक उम्मीदवार भी सफल नहीं होंगे।

----------

**मुहम्मद साद मिर्ज़ा ...**

क़ुरआन मजीद को हिफ़्ज़ के साथ मुकम्मल किया।

लगातार २ वर्ष ६ माह १७ दिन की कठिन साधना, माता-पिता की दुआओं तथा क़ारी आसिफ़ साहब और अन्य शिक्षकों की मार्गदर्शन व स्नेह के फलस्वरूप अल्लाह तआला ने उन्हें अपने कलाम का हाफ़िज़ बनने का सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर माता-पिता की आँखें खुशी से नम थीं और दिल कृतज्ञता से भरे हुए थे कि अल्लाह के विशेष फ़ज़्ल व करम से उनके घर को यह महान नेमत मिली।

इस खुशी के मौके पर शिक्षकों, परिवारजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने मुहम्मद साद मिर्ज़ा को पुष्प भेंट कर हार्दिक बधाइयाँ दीं। साथ ही माता-पिता और अभिभावकों को भी दिल से मुबारकबाद पेश की गई। सभी ने दुआ की कि अल्लाह तआला इस हाफ़िज़-ए-क़ुरआन को इल्म व अमल, इख़लास और तक़वा के साथ दीन, दुनिया और आख़िरत-तीनों में सरफ़राज़ फ़रमाए। आमीन।

कम आयु में क़ुरआन हिफ़्ज़ करना असाधारण संकल्प, अनुशासन और आध्यात्मिक समर्पण का परिचायक है। मुहम्मद साद मिर्ज़ा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत है। यह सफलता माता-पिता की परवरिश, उस्तादों की मेहनत और स्वयं विद्यार्थी की निरंतर साधना का सुंदर उदाहरण है।

इस मौके पर दैनिक तामीर भी सब को मुबारकबाद पेश करता है।

-------

**जिलाधिकारी विवेक जॉनसन ...**

लिए गए विकासात्मक और नीतिगत निर्णयों के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष तथा लोकशाही पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष नवनाथ अण्णा शिरोळे पाटील ने जिलाधिकारी विवेक जॉनसन के प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन पर संतोष व्यक्त किया और उनके कार्यों की प्रशंसा की।

-----

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com